आईडीबीआई बैंक ने धनम बेस्ट प्राइवेट सेक्टर बैंक ऑफ द ईयर अवार्ड जीता

आईडीबीआई बैंक को धनम बेस्ट प्राइवेट सेक्टर बैंक ऑफ द इयर घोषित किया गया. कोचीन में ले मेरिडियन कोन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में श्रीमती अनुराधा रंजन कांत, एफ़सीजीएम बेंगलुरु अंचल को श्री पॉल अन्तोनी (केएसआईडीसी के अध्यक्ष एवं केरल के पूर्व-मुख्य सचिव) द्वारा अवार्ड प्रदान किया गया. श्री टीसी सुशील कुमार (एलआईसी के पूर्व प्रबंध निदेशक) की अध्यक्षता वाली जूरी ने हमारे बैंक के २०२३ में भारी घाटे से रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज करने की त्वरित प्रगति देखी.

जूरी ने वित्तीय स्वास्थ्य, जोखिम प्रबंधन, परिचालन दक्षता और समग्र बाजार प्रदर्शन को कवर करने वाले नौ मुख्य मेट्रिक्स पर 20 निजी बैंकों का मूल्यांकन किया, अंततः आईडीबीआई बैंक को २०२३ का श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता के रूप में मान्यता दी. यह पुरस्कार धनम बीएफ़एसआई समिट में प्रदान किया गया था जिसमें बैंकिंग, एनबीएफ़सी, बीमा, फिंटेक, स्टॉक ब्रोकिंग, म्यूचुअल फंड तथा अन्य निवेश कंपनियों के 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया था.

कार्यक्रम में श्री टीसी सुशील कुमार (पूर्व प्रबंध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम), श्री आर सुधाकर (कार्यपालक निदेशक – मार्केटिंग, भारतीय जीवन बीमा निगम), श्री विजय केडिया तथा श्री पोरिंजू वेलियाथ, ऐस स्टॉक मार्केट निवेशक, श्री शिजू वर्घीस, महाप्रबंधक और वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रमुख- कोची क्षेत्र एवं विभिन्न बैंको तथा एनबीएफ़सी के वरिष्ठ कार्यपालक उपस्थित थे.

धनम साढ़े तीन दशक से अधिक ट्रैक रिकॉर्ड के साथ केरल का सर्वश्रेष्ठ कारोबारी मैगजीन है. यह विस्तृत ग्लोबल पहुंच वाला अग्रणी मलयालम कारोबारी और निवेश समाचार पोर्टल है.



IDBI BANK